CMYK

www.maharashtracrimes.in
Email : editor@maharashtracrimes.in

www.maharashtracrimes.blogspot.in
maharashtracrimes@gmail.com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष 21 | अंक 06 | मुंबई, 05 अप्रैल 2022 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

# रक्षक ही हो गए भक्षक!

## कासाड़ी नदी की हो रही है बेरहमी से कत्ल


### पुलिस, महसूल विभाग और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के आशीर्वाद से कासाड़ी नदी का गला घोटा जा रहा है...

दत्ता माने

**नवी मुंबई,** क्या नदी सिर्फ गांव खेडे में बहती है, शहर में नहीं? गांव से ही शहर बनता है, तो फिर शहर में रुपांतरित होते - होते यह नदियां कहां जाती हैं? जैसे जैसे गांव का रूपांतर एक शहर में होने लगता है, वैसे-वैसे आबादी बढ़ती है. आजू बाजू के गांव शहरों से पराज्यों से लोग नए शहर में रहने आते हैं और बस जाते हैं, लेकिन गांव से शहर बनने के इस दौर में सिडको, म्हाडा, नगर निगम जैसे सरकारी विकास संस्थाएं यहां की कुदरत को, प्राकृतिक सौंदर्य को, परंपराओं को और पानी के कुदरती स्रोतों को नष्ट करती हैं.

26 जुलाई 2005 में मुंबई में भारी वर्षा होने के बाद शहरवासियों को पता चला कि मुंबई महानगर में नदियां हैं. तभी तक तो लोग उसे नाला या गटर ही समझते थे.कुछ ऐसा ही हाल मुंबई शहर की छोटी बहन नवी मुंबई का है. पनवेल तहसील और पनवेल महानगर निगम के अधिकार क्षेत्रों में आने वाले खारघर उपनगर में रहने वाले नागरिकों को यदि पूछा जाए कि खारघर क्षेत्र में नदी है क्या? और यदि है तो उस नदी का क्या नाम है? हम दावे से कहते हैं 90% लोगों को यह पता नहीं है. जी हां यहां पर एक नदी है, जिसका नाम **'कासाड़ी नदी'** है और जो 12 महीने स्वच्छ पानी से बहती थी. इसे आज गटर, नाला से भी बदतर रूप में देखा जा रहा है. इसके लिए विकास संस्था सिडको, पनवेल महानगर निगम, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास मंडल (एमआईडीसी), प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तलोजा कलंबोली और खारघर पुलिस अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं. सिडको ने शहर निर्माण करते समय यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को नष्ट किया. यहां के कुदरती जल स्रोतों को नष्ट किया. महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) ने और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यहां के रासायनिक एवं औषधि निर्माण कंपनियों से जो जहरीला रसायन युक्त पानी बिना कुछ प्रक्रिया किए सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है, उस पर कोई नियंत्रण नहीं रखा. दूसरी ओर तलोजा, कलंबोली और खारघर पुलिस का क्या कहना! सामाजिक संस्था और समाज सेवकों ने कई बार शिकायतें करने के बावजूद भी कार्रवाई करने के लिए इनके पास फुर्सत नहीं है. एमआईडीसी में कार्यरत रसायन एवं औषधि निर्माण कंपनियों द्वारा जहरीला रसायन युक्त पानी सीधे कासाड़ी नदी में छोड़ा जा रहा है और तो और नवी मुंबई के बाहर से कुछ कंपनियों के जहरीले रसायन युक्त पानी के टैंकर इस कासाड़ी नदी में खाली किए जाते हैं. यह काम समाज कंटक लोग कर रहे हैं, जो हमने अपनी आंखों से देखा है. (पेज ८ पर....)





# बिना नोटिस कर्मचारियों को कंपनी ने किया निष्कासित

दत्ता माने

**नवी मुंबई,** 'महाराष्ट्र क्राईम्स' के 5 मार्च 2022 के अंक में हमने 'बामर लॉरी एंड कंपनी' प्रशासन और तलोजा पुलिस थाने की सांठगांठ से न्यायपालिका की दिशा भूल के शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी इस खबर को प्रकाशित होने के बाद 'महाराष्ट्र क्राइम्स' के संवाददाता ने बामर लॉरी एंड कंपनी के पर्सनल मैनेजर श्री सुभाष आगवने (मोबाइल नंबर 9892 931219) की प्रतिक्रिया जानने हेतु संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया इसके बाद संवाददाता ने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री. ए.रत्न शेखर (फोन नंबर 97485 33331) को भी संपर्क करने का कई बार प्रयास किया लेकिन उन्होंने हमारा फोन उठाना उचित नहीं समझा.

केंद्र सरकार के अधीन बामर लॉरी एंड कंपनी 1988 - 89 के दौर में प्लाट नंबर जी-16 एमआईडीसी तलोजा यहां पर स्थापित हुई. शुरूआत में इस कंपनी में कुल 150 के आसपास कर्मचारी थे. इसमें कंपनी के लिए जिन भूमि पुत्रों ने अपनी जमीन दी उनको भी कंपनी ने काम पर रखा. कंपनी शुरूआत में ग्रीस बनाने के लिए हाइड्रोजनेटेड कैस्ट्रोल ऑयल और 12 एच एस ओ. ऑयल का उत्पादन करती थी. कुछ समय बाद कंपनी ने ल्युब ब्लेडिंग प्लांट शुरू किया. इस प्लांट में सभी मजदूर कॉन्ट्रैक्ट पर थे. दिनांक 21-09-93 की रोज सल्फरायजेशन प्लांट में ट्रायल लेते समय हरिश्चंद्र तुकाराम ढाके (उम्र 25 साल) इस युवा मजदूर की मृत्यु हुई. दुर्भाग्य की बात यह है कि हरिश्चंद्र तुकाराम ढाके का यह पहला ही दिन था.

**बामर लॉरी एंड कंपनी के अधिकारियों ने कर दी बदमाशी की हद पार**

गौरतलब बात तो यह है कि यह प्लांट पूर्ण रूप से विकसित नहीं था. इस दुर्घटना की खबर उस समय के कंपनी के पर्सनल मैनेजर श्री.रायमाने ने तलोजा पुलिस थाणे को दी. पुलिस ने धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया. इसका गुनाह रजिस्टर नंबर 72/93 है. इस घटना को 'महाराष्ट्र क्राइम्स' के पिछले अंक दिनांक 5-03- 2022 में प्रकाशित किया है. इस घटना के बाद कंपनी के 48 कर्मचारियों ने इस दुर्घटना की ठीक से जांच करने के लिए कंपनी अधिकारियों से अनुरोध किया तथा मुख्यमंत्री, गृहमंत्री इनसे असली आरोपियों को दंड दिलाने हेतु पत्राचार किया. इससे नाराज होकर पर्सनल मैनेजर श्री.रायमाने ने इस सभी 48 कर्मचारियों कंपनी से निष्कासित किया . इसमें से पांच छह कर्मचारियों को कंपनी ने कार्यालय कामकाज में नए सिरे से शामिल किया. बाकी 24 कर्मचारी कई सालों से बेरोजगार है. इन 24 में से सिर्फ 6 कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी रिटायरमेंट बाकी है. कंपनी कर्मचारी सन 1999 से आज तक अपनी रोजी-रोटी के बचाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं. सन 2014 में शिवसेना पार्टी के तत्कालीन उद्योग मंत्री श्री अनंत गीते के दिल्ली स्थित सरकारी निवास बंगले पर पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, संबंधित सेक्रेटरी बामर लॉरी एंड कंपनी के एक प्रतिनिधि और कर्मचारियों की ओर से एक प्रतिनिधि की मीटिंग हुई. इस मीटिंग में 24 कर्मचारियों को फिर से काम पर रखने के लिए आदेश दिए गए. (पेज ८ पर....)

**आगामी आकर्षण**

उपविभागीय अधिकारी श्री दत्तू नवले की काली करतूत का पर्दाफाश...

- दत्ता माने

# संपादकीय

## कूटनीतिज्ञ भारत

भारत इन दिनों जितने दबाव में है, उतनी ही मांग में भी है। दुनिया के अनेक आला देशों के आला अधिकारियों व नेताओं ने भारत की ओर रुख कर रखा है। विशेष रूप से जब से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरूआत हुई है, तब से भारत में किसी न किसी विदेश मंत्री या विदेश सेवा के अधिकारी की मौजूदगी देखी जा रही है। भारत की तटस्थ स्थिति ने दुनिया की महाशक्तियों को बेचैन कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने यूक्रेन का पक्ष तो लिया है, लेकिन वह रूस के खिलाफ भी नहीं गया है। ऐसे में, यह धारणा फैल गई है कि भारत को जिस तरह से नाटो का साथ देना चाहिए, वह नहीं दे रहा है। अतः भारत न केवल अमेरिका की ओर से, बल्कि यूरोपीय देशों की ओर से भी दबाव में है। अमेरिका, रूस, चीन, मैक्सिको, नीदरलैंड, ब्रिटेन इत्यादि देशों के कूटनीतिज्ञ भारत पर लगातार नजर रखे हुए हैं और अपनी-अपनी ओर इसे खींचने की कोशिश कर रहे हैं।

यह महज संयोग नहीं है कि जब रूस के विदेश मंत्री सर्गेस लावरोव भारत यात्रा पर हैं, तब अमेरिका के उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह भी भारत में मौजूद हैं। रूस भारत से मदद चाहता है, तो अमेरिका भी चाहता है। अमेरिका कभी नहीं चाहेगा कि भारत किसी भी तरह से रूस की मदद करे, और रूस की भी कोशिश है कि वह भारत को युद्ध में नाटो के साथ खड़ा होने से रोके। दुर्दिन में भी भारत ने रूस से तेल खरीदने की मंजूरी देकर पिछले दिनों जो धमाका किया था, उसकी गूंज दुनिया में अभी भी है। अमेरिका, नाटो और यूरोपीय देशों ने यही समझा कि भारत पिछले दरवाजे से रूस की मदद करते रहना चाहता है, क्योंकि रूस उसका पुराना साथी है। सबसे बड़ी बात यह कि चीन अब रूस के साथ लगभग शाब्दिक रूप से खुलकर खड़ा हो गया है। ध्यान रहे, रूसी विदेश मंत्री चीन से होते हुए ही भारत आए थे। चीनी विदेश मंत्री भी हाल ही में भारत आए थे और भारत को अपने ढंग से मनाने की कोशिश भी की थी, लेकिन इस आपाधापी में चीन बिना किसी समझौते या रियायत के भारत के साथ व्यवसाय करते रहना चाहता है। इस मामले में रूस और अमेरिका कुछ अलग हैं, दोनों देशों के पास भारत को रिझाने के लिए कुछ न कुछ है। तेल, तकनीक, आईटी, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक लिहाज से भी अमेरिका अब भारत के ज्यादा करीब है। कभी रूस के प्रति भी भारत में बहुत लगाव था, लेकिन व्लादिमीर पुतिन के समय रूस ज्यादातर मौकों पर चीन के साथ खड़ा दिखा है और भारत से कुछ दूरी भी बनी है। जाहिर सी बात है कि हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस वक्त देश के व्यस्ततम लोगों में शुमार हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि आज तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में अपना देश निर्णायक मोड़ पर है। बहुत सोच-समझकर कदम आगे बढ़ाना चाहिए। किसी भी विदेशी नेता या अधिकारी के दबाव में न आते हुए, अपने देश के हित को सबसे ऊपर रखना है। यह युद्ध के चलते पीड़ित हो रहे देशों और उनके लोगों के प्रति संवेदना का समय है। युद्ध की निंदा और यूक्रेन की मदद में कोई कोर कसर न रहे, तो दुनिया भारत के पक्ष को समझेगी। किसी भी स्थिति में भारत को युद्ध में कूदने से बचना चाहिए। युद्ध विरोध की भावना और मानवता का दामन थामे हुए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि दुनिया में भारत प्रेमियों की तादाद बढ़े, भारत विरोधियों की नहीं।




**मेष राशि**

थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। बड़े-बुजुर्ग अपने मित्रों से मिलने उनके घर जायेंगे। इस राशि के कंप्यूटर से जुड़े स्टूडेंट्स के लिए आपका का महिना शानदार रहेगा। अचानक नए स्त्रोतों से धन लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। आपके आसपास का माहौल बेहतर रहेगा। आपके ज्यादातर काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। दुर्गा जी को हलवे का भोग लगाएं, करियर में सफलता मिलेगी।

**वृष राशि**

आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी करते हैं, उनको जीवन में खूब सफलता प्राप्त होगी। आपसी समझ आपके दाम्पत्य रिश्ते को बेहतर बनायेगी। पारिवारिक जीवन हर तरह से मजबूत रहेगा। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। सेहत के मामले में आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज घर पर किसी धार्मिक आयोजन की रूपरेखा निर्मित होगी। देवी मां को लाल चुनरी चढ़ाएं, रिश्ते बेहतर होंगे।

**मिथुन राशि**

आप अपना ध्यान पूजा-पाठ में लगायेंगे। आपको पैसों के लेन-देन करने में सावधानी बरतनी चाहिए। इस राशि के छात्रों को अच्छे रिजल्ट्स के लिये मेहनत करने की जरूरत है। आपको भाई-बहनों का साथ मिलेगा। वो आपके काम में पूरा साथ देंगे। आपके स्वास्थ्य में सुधार आएगा। आपको अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखना चाहिए। आज आप अपने मन को शांत रखने की कोशिश करें। दुर्गा जी को प्रणाम करें, समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क राशि**

आपको अपने काम पूरे करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान है, तो आज आपको उससे राहत मिलेगी। आपको फालतू विवादों से दूर रहने की कोशिश करनी चाहिए। आपको माता-पिता का सहयोग प्राप्त होता रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल होंगे। देवी मां भाई-बहनों के साथ आपके संबंधों को बेहतर बनाये रखेगी। देवी कुष्मांडा को नारियल अर्पित करें, आपकी सभी समस्याएं दूर होगी।

**सिंह राशि**

आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। किसी काम में मित्र की मदद मिलने से आपका काम आसानी से बन जायेगा। छात्रों के लिए महिना बेहतरीन रहने वाला है। आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना बन रही है। समाज में आपको आदर-सम्मान मिलेगा। मन में नया काम करने का विचार आयेगा। देवी कुष्मांडा के सामने घी का दीपक जलाएं, आपका दिन मंगलमय रहेगा।

**कन्या राशि**

आपको करियर में आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। अगर कोई खास काम करने की सोच रहे हैं, ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से प्रभावित होकर आपको कोई तोहफा देंगे। आपके व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। आज घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान करने का मन बनायेंगे। जीवनसाथी का कार्यों में सहयोग मिलता रहेगा। सिद्धकुंजिका स्तोत्र का पाठ करें, धन में वृद्धि होगी।

**तुला राशि**

नवरात्रि के शुभ अवसर पर आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको दूसरे लोगों से बहस करने से बचना चाहिए। जीवनसाथी के साथ बातचीत में नरमी बरतना आपके रिश्ते के लिये फायेदमंद रहेगा । बच्चों के साथ रिश्ते बेहतर रहेंगे । बड़े-बुजुर्ग को अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाये रखने के लिए थोडा टहलना चाहिए। लवमेटस एक दुसरे को उपहार दें, रिश्तों में नयापन आयेगा। देवी कुष्मांडा को धूप दिखाएं, आपकी सभी परेशानियां दूर होगी।

**वृश्चिक राशि**

आपको तरक्की के नए रास्ते खुले नजर आयेंगे। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होने की संभावना बन रही है। लोग आपकी मदद के लिये तैयार रहेंगे। आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। कुछ विचार आपको मुनाफा दिलाने में मदद करेंगे। आप माता-पिता के साथ देवी मां के मंदिर जायेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। कुल मिलाकर आज आपका महिना अच्छा रहेगा। देवी कुष्माण्डा को पुष्प अर्पित करें, कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु राशि**

पूरा महिना खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आसपास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपसे खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने का विचार बनाएंगे। आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को किसी समारोह में जाने का मौका मिलेगा। आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे । आप मंदिर जाकर भगवान के दर्शन करेंगे। देवी कुष्मांडा को फल अर्पित करें, आपका दाम्पत्य जीवन सुखद बना रहेगा।

**मकर राशि**

आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। एक्स्ट्रा इनकम होने के आसार नजर आ रहे हैं। समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। परिवार में सबके साथ रिश्ते बेहतर होंगे। इस राशि के साइंस के विद्यार्थियों के लिए महिना फायदेमंद रहेगा । आपको टीचर से पूरी तरह से मदद मिलेगी। बच्चे आपसे अपनी कोई बात शेयर करेंगे। दुर्गा चालीसा का पाठ करें, आपकी सारी मनोकामना पूरी होगी।

**कुंभ राशि**

आपको लाभ के कई सारे मौके मिलेंगे। आपका कोई जरूरी काम समय से पूरा हो जायेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे । किसी भरोसेमंद व्यक्ति से आप अपनी दिल की बात शेयर करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। परिवार में उत्साह का माहौल बना रहेगा। लवमेट्स आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे। मां दुर्गा के मंदिर जाएं, रिश्ते मजबूत होंगे।

**मीन राशि**

आप अपनी कोई बात दूसरे के सामने खुलकर रख पायेंगे। आप अपने जीवन में उन्नति करेंगे। इस राशि के सोशल वर्क से जुड़े लोगों के लिए आज का महिना अच्छा रहेगा। आपका बिजनेस दूर-दराज तक फैलेगा। नौकरीपेशा लोगों को आज कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जो आगे चलकर आपके लिये फायदा देगा। आपको अपने गुस्से को नियंत्रण में रखना चाहिए। देवी मां को लौंग अर्पित करें, आपके साथ सब अच्छा होगा।




# अप्रैल में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक, यहां देखें छुट्टियों की लिस्ट

एक अप्रैल, 2022 से नए वित्त वर्ष (2022-23) की शुरूआत हो गई है. नया फाइनेंशियल ईयर कई लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होता है. नए वित्त वर्ष की शुरूआत के साथ कई चीजें बदल जाती हैं. कई नई चीजें अमल में आ जाती हैं. ऐसे में अगर आपको बैंक से जुड़ा कोई भी काम हो तो आपको जल्द-से-जल्द निपटा लेना चाहिए क्योंकि नए फाइनेंशियल ईयर के पहले महीने में बैंकों में अलग-अलग जोन में 30 दिन में से 15 दिन कामकाज नहीं होगा.

**मुंबई :** इन अहम मौकों पर बंद रहेंगे बैंक बैंकिंग रेगुलेटर आरबीआई बैंकों की छुट्टियों की पूरी लिस्ट अपनी वेबसाइट पर जारी करता है. अप्रैल, 2022 में अंबेडकर जयंती, गुड़ी पाड़वा एवं सरहुल के मौके पर अलग-अलग जोन में बैंकों में छुट्टी रहेगी. अगले महीने अलग-अलग जोन के बैंकों बैंकों में कुल 15 दिन कामकाज नहीं होगा. इनमें चार रविवार और दूसरे एवं चौथे शनिवार की छुट्टियां शामिल हैं.

**ये रही अप्रैल महीने में छुट्टियों की पूरी लिस्ट**

1 अप्रैल, 2022 (शुक्रवार): नए महीने और फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन अधिकतर जोन में बैंकों में पब्लिक डीलिंग नहीं होगी. इसका कारण ये है कि एक अप्रैल को बैंक खातों की सालाना क्लोजिंग होती है.




2 अप्रैल, 2022 (शनिवार): गुड़ी पाड़वा/उगाडी फेस्टिवल/नवरात्रि का पहला दिन/तेलुगू नववर्ष/सजिबू नोंगमपांबा (चैरोबा) के अवसर पर बेलापुर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, इंफाल, जम्मू, मुंबई, नागपुर, पणजी और श्रीनगर जोन में बैंकों में छुट्टी रहेगी.

3 अप्रैल (रविवार): इस दिन बैंकों में साप्ताहिक अवकाश रहता है.

4 अप्रैल (सोमवार): सरहुल के मौके पर रांची जोन के बैंकों की शाखाएं बंद रहेंगी.

5 अप्रैल (मंगलवार): बाबू जगजीवन राम की जयंती के मौके पर हैदराबाद जोन के बैंकों में कामकाज नहीं होगा.

9 अप्रैल (शनिवार): महीने के दूसरे शनिवार को बैंकों में कामकाज नहीं होता है.

10 अप्रैल (रविवार): साप्ताहिक अवकाश

14 अप्रैल (गुरुवार): डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती/ महावीर जयंती/ बैशाखी/ तमिल नववर्ष/ चैरोबा, बिजू फेस्टिवल/ बोहार बिहू के अवसर पर शिलांग और शिमला जोन को छोड़ अन्य सभी जोन में बैंकों में कामकाज नहीं होगा.

15 अप्रैल (शुक्रवार): गुड फ्राइडे/बंगाली नववर्ष/हिमाचल दिवस/ विशु/बोहाग बिहू के अवसर पर जयपुर, जम्मू और श्रीनगर को छोड़कर अन्य स्थानों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा.

16 अप्रैल (शनिवार): बोहाग बिहू की वजह से गुवाहाटी में बैंक बंद रहेंगे.

17 अप्रैल (रविवार): साप्ताहिक अवकाश

21 अप्रैल (गुरुवार): गड़िया पूजा के अवसर पर अगरतला में बैंकों में कामकाज नहीं होगा.

23 अप्रैल (शनिवार): महीने के चौथा शनिवार को बैंकों में कामकाज नहीं होता है.

24 अप्रैल (रविवार): साप्ताहिक अवकाश

29 अप्रैल (शुक्रवार): शब-ई-कद्र/जुमात-उल-विदा के मौके पर जम्मू और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे.

# कस्तूरबा पुलिस ने जांच में बाधा डालने पर सब-इंस्पेक्टर पर मामला दर्ज

**मुंबईः** कस्तूरबा मार्ग पुलिस ने बुधवार को एक निलंबित पुलिस सब-इंस्पेक्टर (ढरक) को केस के कागजात, पुलिस स्टेशन से संबंधित फाइलें जमा नहीं करने, उसकी जांच में बाधा डालने और शिकायतकर्ताओं को दिए गए न्याय को खतरे में डालने के लिए बुक किया है। निलंबित पीएसआई अनिल सोनवणे पिछले एक साल से अधिक समय से फरार चल रहे थे और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पहले ही जारी किया जा चुका है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीएसआई सोनवाने को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और डकैती के आरोप में वांछित आरोपी के रूप में नामित किए जाने के बाद 3 दिसंबर, 2020 को सेवा से निलंबित कर दिया गया था। एक पुलिस बैठक के दौरान, यह पता चला कि सोनवणे ने कुछ मामलों के मामले के कागजात और फाइलों को नहीं बदला था, जिनमें से वह जांच अधिकारी थे, जो जांच के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।

इस दस्तावेज के अभाव में न केवल न्याय में देरी हो रही है, बल्कि यह जांच में बाधा उत्पन्न कर सकता है और आरोपी को बेखौफ घूमने का रास्ता भी दे सकता है। जब सोनवणे उसके पते पर नहीं मिला और पुलिस को पता चला कि वह अब कुछ वर्षों से वहां नहीं रह रहा है, तो सोनवणे के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

इन निष्कर्षों के आधार पर, कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन के एक पुलिस निरीक्षक ने सोनवणे के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की, जिस पर कार्रवाई करते हुए निलंबित पीएसआई पर लोक सेवक द्वारा कानून की अवहेलना (धारा 166) के लिए भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। लोक सेवक को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य व्यक्ति द्वारा (धारा 175), लोक सेवक व्यक्ति को सजा से बचाने के इरादे से कानून के निर्देश की अवहेलना करता है (धारा 217), गलत रिकॉर्ड बनाने वाला लोक सेवक (धारा 218), महाराष्ट्र पुलिस की धाराओं के साथ कार्य।

# मुंबई मेट्रो की दो अप्रैल से शुरू होगी मेट्रो की दो नई लाइन

## आठ साल बाद महानगर में नई शुरूआत

**अफजल शेख**



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लोकल ट्रेन महानगर की लाइफ लाइन है तो मेट्रो शहरी परिवहन में नए आयाम जोड़ रही है। दो अप्रैल को गुड़ी पड़वा (हिंदू नववर्ष) के अवसर पर मुंबई मेट्रो की दो नई लाइनों पर परिवहन शुरू होगा। मुंबई मेट्रो-2अ दहीसर से दहाणुकरवाड़ी तक चलेगी। वहीं मेट्रो-7 दहीसर से आरे कॉलोनी के बीच चलेगी। इसके साथ ही मुंबई मेट्रो के नेटवर्क की लंबाई मौजूदा 12 किलोमीटर से बढ़कर 50 किलोमीटर हो जाएगी। मेट्रो-2ए कॉरिडोर लिंक रोड पर दहिसर (पूर्व) से डीएन नगर (अंधेरी पश्चिम) तक है, जबकि मेट्रो -7 पश्चिमी एक्सप्रेस हाईवे पर दहिसर (पूर्व) से अंधेरी (पूर्व) तक है। इसका काम अक्तूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद इन दोनों नई लाइनों पर मेट्रो की दौड़ पूरी तरह शुरू हो जाएगी।

एमएमआरडीए के अधिकारी ने बताया कि हमने इन दोनों लाइनों पर गुड़ी पड़वा से आंशिक रूप से मेट्रो संचालन का फैसला किया है। रोजाना इन लाइनों पर 18 घंटे मेट्रो चलेगी। नई लाइनों पर चलने वाली मेट्रो में छह–छह कोच होंगे। ये 10–10 मिनट के अंतराल से चलेंगी। किराया 10 से 40 रुपये तक होगा। इससे रोजाना करीब 10 लाख यात्रियों को आवाजाही में सुविधा होगी। इसके साथ ही महानगर की सड़कों पर वाहनों का दबाव भी कम होगा और लोकल ट्रेनों व बेस्ट की बसों में भी भीड़ कम होगी।

# पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ CBI जांच जारी रहेगी, सुप्रीम कोर्ट ने जांच में दखल देने से इनकार किया

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार को झटका लगा है. पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ CBI जांच जारी रहेगी. सुप्रीम कोर्ट ने जांच में दखल देने से इनकार कर दिया है. कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की याचिका खारिज कर दी है. महाराष्ट्र की देशमुख के खिलाफ जांच SIT को देने की मांग खारिज हो गई है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस मामले को टच भी नहीं करेंगे. इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी महाराष्ट्र सरकार की याचिका खारिज कर दी थी. महाराष्ट्र सरकार ने पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ सीबीआई की भ्रष्टाचार विरोधी जांच अदालत की निगरानी



वाली रक्ळ को सौंपने की मांग की थी. यह मामला गृहमंत्री रहते हुए देशमुख के खिलाफ पुलिस तबादलों और पोस्टिंग के लिए रिश्वत लेने के आरोपों से संबंधित है. महाराष्ट्र सरकार ने कहा था कि महाराष्ट्र के पूर्व DGP सुबोध कुमार जायसवाल अब CBI के निदेशक हैं. उनकी जांच में पक्षपात की आशंका है. जायसवाल पुलिस स्थापना बोर्डों का हिस्सा थे और तबादलों और पोस्टिंग का निरीक्षण करते थे. CBI डायरेक्टर संभावित आरोपी नहीं तो गवाह तो जरूर होंगे. जस्टिस एसके कौल और एमएम सुंदरेश की बेंच ने मामले की सुनवाई की.

महाराष्ट्र क्राईम्स

मुंबई, 05 अप्रैल 2022





# अब महाराष्ट्र सरकार जेलों में बंद कैदियों को देगी 50 हजार का कर्ज



**मुंबई:** महाराष्ट्र की जेलों में बंद कैदियों के लिए ठाकरे सरकार ने एक अनोखी योजना शुरू करने का फैसला किया है। योजना के तहत राज्य की जेल में बंद कैदियों को सजा के दौरान किए गए काम से मिलने वाले वेतन के आधार पर 50 हजार रुपये तक का कर्ज मिलेगा।

गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने बताया, कैदियों को महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक की तरफ से सात फीसदी की ब्याज दर पर लोन दिया जाएगा। यह योजना पुणे की यरवदा सेंट्रल जेल में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की जाएगी। करीब 1055 कैदियों को योजना का लाभ मिलेगा। सरकार का मानना है, लंबी सजा काटने वालों में ज्यादातर कैदी अपने परिवार के प्रमुख सदस्य हैं। उनके जेल में होने से परिवार की आर्थिक हालत दयनीय हो जाती है। ऐसी स्थिति में एक कैदी को उसके परिवार की जरूरतों के लिए लोन मुहैया कराया जाएगा।


# महाराष्ट्र में डोल रही ठाकरे की गद्दी?

## कांग्रेस की नाराजगी के बीच शरद पवार से मिले गुलाम नबी आजाद...!

**मुंबई:** महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस की नाराजगी के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की है। दोनों नेताओं की मुलाकात ऐसे वक्त हुई है, जब एनसीपी के अंदर शरद पवार को यूपीए का अध्यक्ष बनने की मांग उठ रही है। वहीं, आजाद कांग्रेस के उन असंतुष्ट नेताओं में शामिल हैं, जो पार्टी में समावेशी और सामूहिक नेतृत्व की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस के असंतुष्ट नेता भाजपा से मुकाबले के लिए बड़ी विपक्षी एकता की हिमायत करते रहे





हैं। हालांकि, बुधवार शाम हुई इस मुलाकात को एनसीपी ने इसे सामान्य मुलाकात बताया है। एनसीपी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि संसद सत्र के दौरान पार्टी अध्यक्ष जब भी राजधानी दिल्ली में रहते हैं, जो गुलाम नबी आजाद अमूमन उनसे मुलाकात करते हैं। इसलिए इसे ज्यादा अहमियत नहीं देनी चाहिए।

दरअसल, कांग्रेस के कई विधायक महाराष्ट्र में महा आघाड़ी गठबंधन सरकार से नाराज हैं। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने का वक्त मांगा है। इन विधायकों की शिकायत है कि मंत्री उनकी बात नहीं सुन रहे हैं। विधायकों की सबसे ज्यादा नाराजगी बिजली मंत्री नितिन राउत से है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बहुत खराब है। चुनाव में इसका नुकसान हो सकता है।

आपको बता दें कि महाराष्ट्र के कम से कम 25 कांग्रेस विधायकों ने महा विकास अघाड़ी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कांग्रेस के मंत्रियों के खिलाफ ही शिकायत करने के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने का समय मांगा है। उनका आरोप है कि उनकी ही पार्टी के मंत्री उनकी चिंताओं का जवाब नहीं दे रहे हैं। विधायकों ने एक पत्र में सोनिया गांधी से 'चीजों को ठीक करने' के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

# हाईवे पर रोजाना 35 लोगों की हो रही है मौत

## हादसों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन उठायेगा ये कदम

**मुंबई:** महाराष्ट्र में करीबन 40 हजार किलोमीटर में हाईवे फैला हुआ है और ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कितनी गाड़ियां इन रास्तों से रोजाना गुजरती होंगी. महाराष्ट्र हाईवे पुलिस के आकड़ों की माने तो रोजाना करीबन 35 लोगों की मौत हाईवे पर एक्सीडेंट्स की वजह से होती है. महाराष्ट्र हाईवे के अऊद्ध कुलवंत सारंगल ने बताया कि ये एक्सीडेंट्स कई बार इंजीनियरिंग फोल्ट, मानव भूल या मौसम की वजह से होते हैं. ऐसे में लोगों को हाइवे पर चलते समय संभलकर चलना चाहिए. साल 2019 में हाइवे पर कुल 32925 एक्सीडेंट्स हुए जिसमें 12788 लोगों की मौत हुई थी यानी कि उस साल में एक दिन में 35 लोगों की मौतें हुई थी और 28628 लोग जख़्मी हुए थे. साल 2020 में हाइवे पर कुल 24971 एक्सीडेंट्स हुए थे जिसमें से 11569 लोगों की मौतें हुई थी यानी कि उस साल में एक दिन में 32 लोगों की मौतें हुई थी और 19914 लोग जख़्मी हुए थे. साल 2021 में हाइवे पर कुल 29494 एक्सीडेंट्स हुए थे जिसमें से 13528 लोगों की मौतें हुई थी यानी उस साल में एक दिन में 37 लोगों की मौतें हुई थी और 23080 लोग जख़्मी हुए थे.

सारंगल ने बताया की महाराष्ट्र के साथ 4 और राज्यों ने इंटिग्रेटेड रोड एक्सिडेंट डेटाबेस नाम के सोफ्टवेयर





का इस्तेमाल करना शुरू किया है. इसमें हम रोजाना के एक्सीडेंट्स की जानकारी फीड करते हैं और आने वाले कुछ समय में हमारे पास इतना डेटा जमा हो जाएगा जिसका विश्लेषण करने के बाद हमें इतना पता चलेगा कि किस जगह क्या करने से हम एक्सीडेंट्स पर नियंत्रण ला सकेंगे.

सारंगल ने आगे बताया कि महाराष्ट्र के हाइवे पर 1377 के करीब ब्लैक स्पॉट हैं जहां कई एक्सीडेंट्स होते रहते हैं. ये ऐसे स्पॉट होते हैं जहां 5 या उससे ज्यादा एक्सीडेंट्स होते हैं. महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार नाशिक रुरल में कुल 98 ब्लैक स्पॉट हैं जहां बहुत एक्सीडेंट्स होते हैं. इसके अलावा सातारा जहां 85 ब्लैक स्पॉट हैं, औरंगाबाद सिटी में 83 ब्लैक स्पॉट हैं. सारंगल ने बताया की हमने अब तक 5.20 करोड़ लोगों को ट्रैफिक के अलग-अलग नियमों को तोड़ने के आरोप में इ-चलान जारी किया है जिसमें से करीब 2 करोड़ लोगों ने ही इ-चलान भरा है बाकी लोगों ने नहीं भरा. वहीं अगर देखा जाए तो हमें कुल 2200 करोड़ रुपए उनसे वसूलने थे जिसमें से अब भी 1300 करोड़ रुपए अब तक लोगों ने नहीं चुकाए हैं.

# अभिनेत्री रिमी सेन के साथ हुई 4.14 करोड़ की धोखाधड़ी

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री रिमी सेन ने गोरेगांव के एक व्यवसायी के खिलाफ, कथित तौर पर 4.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. इस मामले में आरोपी व्यवसायी ने अभिनेत्री को 28 से 30 फीसदी रिटर्न का झांसा देकर एक नए बिजनेस वेंचर के जरिये, उसके फिल्म प्रोडक्शन हाउस के 4.14 करोड़ रुपए का निवेश करवाया. निवेश के बाद आरोपी ने अभिनेत्री रिमी सेन को ना ही निवेश की गई मूल राशि लौटाई और ना ही बिजनेस से हुआ फायेदे की राशि लौटाई, जैसे की उनसे निवेश के समय वादा किया गया था. रिमी सेन ने आरोप लगाया है कि, अब आरोपी ने उनके साथ सभी तरह से बातचीत भी बंद कर दी है.

इस मामले में 40 साल की इस




बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ 2019 धोखाधड़ी शुरू हुई, जब वह अंधेरी के एक जिम में आरोपी रौनक जतिन व्यास से पहली बार मिलीं. इस दौरान आरोपी ने अभिनेत्री को अपने फैमिली बिजनेस फर्म फोमिंगो बेवरेजेस के जरिये निवेश करने का ऑफर दिया. वहीं इस मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि, ''दोस्ती बढ़ने के बाद आरोपी ने अभिनेत्री से नए बिजनेस वेंचर में निवेश करने पर 28 से 30 फीसदी रिटर्न की ऑफर दिया. जिसके बाद अभिनेत्री ने अपने बिजनेस पार्टनर से चर्चा करने के बाद, आरोपी व्यास के बिजनेस वेंचर में निवेश के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए. अधिकारी ने कहा कि, ''उस समय आरोपी ने अभिनेत्री को सिक्योरिटी के रूप में 3.50 करोड़ रुपए का चेक भी दिया था.'' फरवरी से जुलाई 2019 के बीच अभिनेत्री रिमी सेन ने व्यास के फर्म को कुल एक करोड़ रुपए की धनराशी ट्रांसफर की, जहां पैसा मिलने के बाद आरोपी व्यास ने अभिनेत्री को उसके भविष्य निवेश पर 40 फीसदी रिटर्न देने का वादा किया. इसके बाद अभिनेत्री ने अक्टूबर 2019 से नवंबर 2020 के बीच 3.14 करोड़ रुपए और ट्रांसफर किए. वादा किये गए तय समय के मुताबिक जब अभिनेत्री रिटर्न नहीं मिला तो, उन्होंने आरोपी व्यास से इस संबंध में पूछताछ की. हलांकि अभिनेत्री के पूछने आरोपी हमेशा टालमटोल करता रहता था. मार्च 2020 में अभिनेत्री ने आरोपी व्यास को नियमों को सख्ती से पालन करने को कहा, जिसके बाद आरोप ने उनके फर्म के बैंक खाते में 3 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए. बाद में उसने किसी भी प्रकार और भुगतान नहीं किया. आरोपी के रवैये से निराश होकर अभिनेत्री ने आखिरकार 3.50 करोड़ का चेक जमा कर दिया (बिजनेस वेंचर में निवेश से पहले सिक्योरिटी के रूप में 3.50 करोड़ रुपए का चेक आरोपी की तरफ से अभिनेत्री को दिया गया था), लेकिन पता चला कि बैंक खाता बंद था।

# महाराष्ट्र में कोरोना के सारे प्रतिबंध खत्म, मास्क लगाना भी जरूरी नहीं...!

**मुंबई:** महाराष्ट्र में कोरोना (Covid) संबंधी सभी प्रतिबंध दो अप्रैल से खत्म हो जाएंगे। अब मास्क लगाना भी जरूरी नहीं होगा। राज्य में कोरोना के मामले लगभग थम गए हैं। राज्य सरकार ने बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य में आपदा प्रबंधन से जुड़े नियम लगाए थे। धारा 144 को हटा लिया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मास्क पहनना स्वैच्छिक होगा। गुरुवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ये फैसला लिया गया। स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने संवाददाताओं को बताया कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। टोपे ने कहा कि गुढ़ी पड़वा (मराठी नव



वर्ष जो इस बार 2 अप्रैल को पड़ता है) से महामारी रोग अधिनियम और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत सभी COVID-19 संबंधित प्रतिबंध वापस ले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल से फेस मास्क पहनना स्वैच्छिक होगा। हालांकि एक दिन पहले बुधवार को महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा था कि अन्य देशों में कोरोना की चौथी लहर की आशंका है। ऐसे में मास्क हटाने का फैसला नहीं लिया जाएगा। जनहित में मास्क लगाना जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मास्क के पक्ष में है। हालांकि एक दिन में ये फैसला बदल गया।



# CMO का बयान आया सामने

## गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल के कामकाज से खुश नहीं CM उद्धव ठाकरे?

**मुंबई :** महाराष्ट्र के गृह मंत्री और राकांपा नेता दिलीप वलसे पाटिल और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बीच मतभेद की खबरें चल रही है। खबरों के मुताबिक सीएम ठाकरे गृह मंत्री वलसे के कामकाज से खुश नहीं है। इसी बीच सीएम उद्धव ठाकरे के ओर से बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने इन सभी खबरों को निराधार बताया है और कहा कि उन्हें दिलीप वलसे पाटिल पर पूरा भरोसा है।





### मुख्यमंत्री गृह विभाग से खफा नहीं: पाटिल

वहीं, मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद वलसे पाटिल ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह हमेशा मुख्यमंत्री से मिलते हैं। मैं और मुख्यमंत्री सरकारी और विभागीय कार्यों के लिए मिलते हैं और आज की बैठक वही थी। वलसे पाटिल ने उनके और सीएम के बीच मतभेद की खबरों पर कहा, मुख्यमंत्री ने इस बारे में खुलासा किया है। मुख्यमंत्री गृह विभाग को लेकर बिल्कुल भी खफा नहीं हैं। संजय राउत की भावना सही है। अगर हमारे विभाग की ओर से कमी होगी तो सुधार होगा। दरअसल, आज सुबह शिवसेना नेता संजय राउत ने गृह विभाग को अधिक सक्षम बनाने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा गृह विभाग को और अधिक कुशल होना चाहिए। इस संबंध में कल मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से चर्चा हुई थी। यह गृह मंत्रालय पर हमला है कि जांच एजेंसियां राज्य में आकर कार्रवाई कर रही हैं। इस प्रकार को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। अब गृह विभाग को कड़े कदम उठाने होंगे।

### पाटिल अच्छा काम करे रहे हैं...!

CMO की ओर से जारी बयान में कहा गया, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल से खफा होने की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने कहा- मुझे गृह मंत्री पाटिल पर पूरा भरोसा है और वह अच्छा काम कर रहे हैं। इस बीच गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने आज मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बैठक एक घंटे तक चली। सूत्रों ने बताया कि भाजपा नेताओं के खिलाफ सबूत देने के बावजूद गृह विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाने के बारें में दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई।

# पालघर मॉब लिंचिंग मामले में 10 और आरोपियों की जमानत याचिका मंजूर, 8 की खारिज


**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2020 के पालघर मॉब लिंचिंग मामले में 10 और आरोपियों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। वहीं, अदालत ने इस मामले में 8 अन्य आरोपियों की जमानत याचिका भी खारिज की है। बता दें कि,अप्रैल 2020 में दो हिंदू साधुओं और उनके ड्राइवर की हत्या कर दी गई थी।

मामले की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश भारती डांगरे ने कहा कि, इस बात का कोई सबूत नहीं है कि 10 आरोपियों को जवाबदेह ठहराया जा सकता है।इसलिए इनकी जमानत याचिका मंजूर की जाती है। याचिकर्ता की भूमिका पर विचार करते हुए डांगरे ने कहा कि, वे मौके पर सशस्त्र मौजूद है लेकिन उनकी तरफ से पीड़ित पर कोई भी हमला किया गया इस बात की पुष्टि नहीं होती है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाती है।

जिन लोगों को जमानत दी गई है उनमें राजू गुरुद, विजय पिलाना, रिशा पिलाना, दीपक गुरुद, सीताराम राठौड़, विजय गुरुद, रत्न भावर, ईश्वर निकोल, फिरोज साठे और मोहन गावित शामिल हैं। जबकि,




अदालत ने आठ और आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी है, क्योंकि आरोपी वे सीसीटीवी में एक मृत साधु पर हमला करते हुए देखे जा सकते हैं। उन आरोपियों में राजल गुरुद, महेश गुरुद, लहन्या वालाकर, संदेश गुरुद, हवासा साठे, भाऊ साठे, रामदास राव और राजेश राव शामिल है। उल्लेखनीय है कि, 16 अप्रैल, 2020 को भीड़ ने चिकने महाराज कल्पवृक्षगिरि (70) और सुशीलगिरि महाराज (35) और उनके चालक नीलेश तेलगड़े (30) को मुंबई से 140 किलोमीटर उत्तर स्थित पालघर जिले के गडचिंचले में पीट-पीट कर मार डाला था। यह क्रूर हमला इन अफवाहों के बीच हुआ था कि लॉकडाउन के दौरान क्षेत्र में बच्चा चोर घूम रहे हैं। इससे पहले आरोपपत्र ठाणे की अदालत में दायर किया गया था।










# ऐसे करें हॉट सीजन में कुल सफर..



**गर्मियों** की छुट्टियां बस पड़ने ही वाली है। अब भला घूमना-फिरना किसको पंसद नहीं होता है, लेकिन ट्रैवलिंग का मजा तभी आता है, जब आपके सूटकेस में आपकी जरूरत का हर सामान मौजूद हो। अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो घर से निकलते वक्त जरूरतों की चीजों को रखना ना भूलें। इस तरह आपका ट्रिप कंफर्टेबल रहेगा। लेकिन ऐसा क्या करें कि आपकी जरूरत का सामान भी आपके साथ रहे और ढेरों लगेज व बैग भी सफर में ले न जाने पड़ें।

### लाइट कपड़े

ऐसे कपड़े चुनें जिनमें सिकुड़न न पड़े यानी रिंकल फ्री कपड़ों को प्राथमिकता दें। अपनी टी शर्ट या अंतवस्त्रों को रोल करके बैग में रखें ताकि वे कम जगह में सेट हो जाएं और आसानी से निकाले जा सकें। अपनी यात्रा के लिए सही आकार का लगेज चुनें। जरूरत से ज्यादा बड़ा बैग भूलकर भी न लें जाएं, क्योंकि बड़े बैग में सामान का नुकसान और रखने-उठाने का झंझट ज्यादा होता है। लगेज जितना छोटा होगा तनाव उतना ही कम होगा। अपने आउट-फिट्स इस प्रकार चुनें ताकि उन्हें मिक्स और मैच किया जा सके। जैसे जिस रंग का ट्राउजर रखें उससे मिलते-जुलते रंग की कुछ शर्ट्स रख लें ताकि उन्हें कॉम्बिनेशन करके पहना जा सके।

### खाने का रखें खास ख्याल

सफर में बात की कोई गांरटी नहीं होती की हर जगह खाना सही से मिल जाएगा। इसलिए बैग में ब्रेड, बिस्किट, जूस आदि रख लें। जब सफर पर जाए तो खाने में हाइजीन का ध्यान रखें। भोजन ताजा हो इस बात का भी ध्यान रखें। खाना खाने से पहले हाथ धोना न भूलें और पर्स में हैंड सेनिटाइजर जरूर रखें।

### अधिक मात्रा में पानी लें

जरूरत हो तो पानी की बोतल को प्लास्टिक के बैग में पैक करके लगेज में रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त ग्लूकोज डी या नींबू पानी के कुछ सीप लेते रहें। एक खाली प्लास्टिक बैग भी साथ ले जाएं ताकि इस्तेमाल हो चुके खाली लिफाफे, पन्नी या पेपर को उसमें रखकर फेंक सकें।

### सेफ्टी आइटल

आमतौर पर व्यक्ति घर से बाहर निकलते समय अपने पास कोई-ना-कोई सेफ्टी आइटल जरूर रखता है तो जब आप ट्रिप पर जा रहे है तो उस चीज को भी खासतौर पर रखना ना भूलें, जैसे स्विस नाइफ। इसका मल्टीपल यूज है और ट्रैवल में आप इसे आसानी से कैरी कर सकते हैं। इसे आप इमरजेंसी में सेफ्टी के तौर पर अपने साथ रख सकते हैं। साथ ही स्प्रे आदि भी।

### ट्रैवल वॉलेट भी है जरूरी

अपने साथ ट्रैवल वॉलेट जरूर रखें। इसमें आप कैश व दूसरे जरूरी डॉक्युमेंट्स रख सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि ट्रैवल डॉक्युमेंट्स जैसे पासपोर्ट, वीजा, टिकट, हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, डेबिट कार्ड्स व क्रेडिट कार्ड्स अलग-अलग पॉकेट में रखें। ट्रैवल वॉलेट में आप अंडरकवर वॉलेट्स भी रख सकते हैं।

### फास्ट एडस बॉक्स

किसी भी ट्रिप पर जाते समय फास्ट एडस बॉक्स ध्यान से रख लें। खासतौर से एडवेंचर ट्रिप में चोट लगने की संभावना ज्यादा होती है। ऐसे में आप अपने साथ मेडिकल किट जरूर रखें। दरअसल, ट्रिप पर अचानक एक्सिडेंट होने के चांस ज्यादा होते हैं। इस सिचुएशन में आप अपना ट्रीटमेंट खुदकर सकते हैं।

### डेस्टिनेशन मैप है जरूरी


जिस जगह आप जा रहे हैं, वहां का पता, होटल या ठहरने की जगह का टेलीफोन नंबर व लोकेशन की पहले से पुष्टि कर लें। ताकि वहां पहुंचने पर कोई दिक्कत न हो। आप चाहें तो ट्रेवल ब्रोशर व मैप अपने साथ रख सकते हैं। साथ ही आप जहां घूमने जा रहे हैं, वहां की गाइड बुक अपने साथ जरूर रखें। इससे आपको डेस्टिनेशन ढूंढने में परेशानी नहीं होगी और आप ट्रिप भी एंजॉय कर सकेंगे।

### कैमरा

ट्रैवल में कैमरा सबसे जरूरी चीज है। कैमरे के साथ चार्जर व एक्स्ट्रा बैट्रीज भी रखें। इससे आपको कहीं भी खूबसूरत नजारे नजर आएंगे, तो उन्हें आप अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। आप ट्रिप एंजॉय कर रहे हैं और साथ ही फोटोज भी क्लिक कर रहे हैं। तभी आपको पता चलता है कि आपके कैमरे की मेमरी फुल हो चुकी है। इससे आपका अच्छा-खासा मूड खराब हो सकता है। आपके साथ इस तरह की सिचुएशन ना हो, इसके लिए अपने साथ एक्स्ट्रा मेमरी का पहले से ही बंदोबस्त कर लें। आप अपने साथ पेन ड्राइव या फिर एक्स्ट्रा मेमरी कार्ड रख सकते हैं। इससे आप कैमरे के सभी फोटोज पेन ड्राइव में सेव कर सकते हैं।

### खास टिप्स

- परिचयपत्र, पासपोर्ट और यात्रा संबंधी अन्य जरूरी कागज अपने हैंडबैग में रखें।
- यदि अपने वाहन से यात्रा करनी हो तो ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी के कागजात साथ लेना न भूलें।
- अगर आपने मेडिकल और ऑटो मोबाइल बीमा कराया हो, तो दोनों के ही कार्ड अपने साथ जरूर ले जाएं।
- घर से निकलने से पहले अच्छी तरह जांच लें कि आपने अपना क्रेडिट कार्ड, एयर टिकट या ट्रेन टिकट बैग में रखा है या नहीं।
- अगर आप विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, तो तुरंत इस्तेमाल के लिए वहां की थोड़ी स्थानीय मुद्रा अपने साथ जरूर रखें।
- ट्रिप में मेकअप किट जरूर ले जाएं। इस किट में क्रीम, लोशन, डेंटल केयर, मेकअप, वेट वाइप्स, शैंपू और कंडीशनर रखें। वैसे, हर होटल में टॉयलेट नैपकीन मिल जाते हैं, लेकिन इमरजेंसी के लिए इन्हें भी साथ में ले जाएं।
- हर जगह खाना सही मिल जाए सफर में इस बात की कोई गारंटी नहीं होती। इसलिए बेग में ब्रेड, बिस्किट, मुंगफली, आदि रखें।
- खाने में हाइजिन का ध्यान रखें। जब घर से बाहर यात्रा पर जाएं तो फूड कॉम्बिनेशन का ध्यान जरुर रखें वरना तबीयत बिगड़ सकती है।
- खाने से पहले हाथ धोना न भूले और पर्स में हेंड सेंटाइजर जरुर रखें, पानी नहीं होने पर यह बहुत उपयोगी साबित होगा।
- जहां तक हो सके भोजन ताजा हो इस बात का ध्यान रखें।
- पास्चुराइज्ड दूध का ही उपयोग करें।
- कहीं भी खाना खाने से पहले ये देख लें, कि पानी की उचित व्यवस्था है या नहीं।
- बैग में एक साफ नेपकीन हमेशा रखें।
- कॉटन के अलावा दूसरे मटेरियल के कपड़ों का उपयोग कम करें। कपड़ों का रंग हल्का हो और कपड़े मुलायम हो तो गर्मी का एहसास नहीं होगा।



दोस्ती के दरमियान कब प्यार का एहसास होने लगता है, इस बात पता काफी देर बात पता चलता है। जब प्यार होता है तो हम अपने दिल की बात बताते हुए झिझकते है। हर वक्त ऐसा मौका ढूंढते है, जब हम उनके सामने शादी का प्रस्ताव रखें और उसे किसी तरह का गुस्सा भी न लगे। परन्तु बहुत सी बार हमारा प्रपोज करने का तरीका ही गलत साबित हो जाता है।

# इन रोमांटिक अंदाज से रखें मैरिज प्रपोजल

अगर आप चाहते है कि पार्टनर अपने शादी के प्रस्ताव को आसानी से मान जाए तो आज हम आपको प्रपोज करने के कुछ आईडिया बताएंगे, जो पार्टनर का खूब पसंद आएगा और शायद भी शादी के लिए मान भी जाए।

### ख्वाबों सी हकीकत

घोड़े पर सवार राजकुमार अपनी प्रेमिका को प्यार इंजहार करता है ये कांसेप्ट पुराना हो चुका है। आप चाहे तो अच्छी महंगी लग्जरी कार किराए पर ले। फिर उस कार में बैठकर प्रेमिका के साथ ऐसी जगह पर लेकर और मौका मिलते ही उनसे अपने दिल की बात कह डालें।

### जगमगाता प्रपोजल

जगमगाते दीयों के साथ मैरिज प्रोज करना काफी अच्छा ऑप्शन है। अगर इसके लिए आपको अपने दोस्तों की भी मदद लेनी पड़े तो अच्छी बात है। अपना कैंडल लाइट डिनर उसी तरह अरेंज करें, जैसे आप हमेशा करते है। डिनर खत्म होने के बाद प्रेमिका को जगमगाते दीपकों से लिखे गए वाक्य 'मुझसे शादी करोगी' की और लेकर जाए, इससे लड़की झट से खुश हो जाएगी और हां कर देगी।

### रोमांटिक सैर

सरप्राइज तो मानो लड़कियों की पंसदीदा चीज है। अगर आप भी फ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज कुछ अलग अंदाज में करना चाहते है तो उसे रोमांटिक सैर पर लेकर जाए। किसी खूबसूरत डेस्टीनेशन में पहुंचकर और मूड बनाकर शादी का प्रस्ताव रख डालें।

### रिंग का सरप्राइज

भले ही यह तरीका पुराना है लेकिन काफी रोमांटिक है। गर्लफ्रैंड के सामने अचानक रिंग लेकर आए और उसे शादी के लिए प्रपोज करें।

पेरेंट्स की भूमिका निभाना कोई आसान काम नहीं है। बच्चे की सही परवरिश करते समय पेरेंट्स को कई बातों पर ध्यान रखना पड़ता है, उन्हें अपने से ज्यादा बच्चे की खुशी देखनी पड़ती है।



# कहीं आप तो नहीं डालते बच्चे पर पढ़ाई का ऐसा दबाव?

कहते है कि बच्चे का पहला टीचर जो होता है वो पेरेंट्स ही होते हैं क्योंकि बच्चा स्कूल जाने से पहले जो कुछ भी सीखता है, वो अपने माता-पिता से ही सीखता है। ज्यादातर पेरेंट्स अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर काफी चिंतित रहत है। खासकर परिक्षा आने पर बच्चों पढ़ाई का दवाब डालने लगते है, जिसका बच्चे के दिमाग पर गलत असर पड़ने लगता है। इसलिए बच्चों से कोई भी बात करते समय समझदारी से काम लें, ताकि बच्चा उस बात को अच्छे से समझ भी जाए और उसके दिमाग पर गहरा असर भी न हो। आज हम आपको कुछ ऐसी ही बातों के बारे में बताएंगे, जो बच्चों के दिमाग पर गहरा असर करती है।

### खुद से तुलना करना

बच्चा जैसा भी है, लेकिन उसपर पढ़ाई को लेकर ज्यादा प्रैशर मत डालें। इसके अलावा उसके साथ अपनी तुलना करते हुए यह भी न कहें कि मैं तेरी उम्र में क्लॉस में सबसे प्रथम आया करता था। बच्चा इस बात को गंभीरता से लेकर अपने दिमाग से जरूर से ज्यादा जोर डाल सकता है, जिसका गलत परिणाम भी निकल सकता है। ऐसे में पेरेंट्स को समझना चाहिए कि सभी बच्चों की दिमाग एक जैसा नहीं होता।

### आने दो तुम्हारे पापा को

अक्सर मांएं बच्चों को पापा का डरावा देकर उसे पढ़ने को कहती है लेकिन पापा के नाम यह अनुशासन कई बार बच्चों को उद्दंड या फिर डरपोक बना देता हैं। बच्चों के मन में पापा के प्रति प्यार की जगह खौफ बस जाता है।

### हर समय ताना देना

बच्चों के हमेशा पढ़ाई को लेकर ताने मारते रहना, ये आदत बिल्कुल गलत है। आपके यहीं ताने बच्चों को गुस्सैल और चिड़चिड़ा बना देते है। ऐसे में बच्चों के ताने देने की बचाएं, उसके साथ प्यार से बात करें। उसका पढ़ाई में कमजोरी का कारण जानने की कोशिश करें।


# वही तेल सही जो दिल को रखे सलामत



**ईशा**

**किचन** में खाना बनाते समय सबसे पहली जरूरत तेल की होती है। टीवी पर आने वाले कई विज्ञापनों में तेलों की महत्ता बताई जाती है पर तेल हमेशा ऐसा चुनें जो आपके दिल को सलामत रखे। सिर्फ विज्ञापन देखकर या किसी तेल को न चुनें बल्कि अपनी सेहत पहले देखें। हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई है कि सही तेल नहीं चुनने से स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ता है। एक्सपर्ट की राय मानें, तो हार्ट की कई बीमारियों से बचने के लिए हाइड्रोजेनेटेड फैट से बचना चाहिए। बेहद जरूरी है ताकि खाने का स्वाद न बिगड़े और कमर और पेट पर चर्बी न जमे। कुछ तेल ऐसे होते हैं, जो स्वास्थ्य के हिसाब से सही नहीं होते। क्योंकि उसमें उच्च स्तर का सैचुरेटेड फैट पाया जाता है जैसे नारियल तेल। इसमें सैचुरेटेड फैट की मात्रा बहुत ज्यादा होती है।

कुछ कुकिंग ऑयल में हेल्दी कोलेस्ट्राल होता है मगर यह शरीर के लिए तभी हेल्दी रहता है जब तक यह सीमित मात्रा में किया जाए। तेल में मौजूद बुरे कोलेस्ट्राल आर्टरी को ब्लॉक कर देते हैं जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक हो सकता है।



# वसई विरार में लोगों को पानी के लिए करनी पड़ रही है जद्दोजहद, सड़क की सुविधा से भी हैं दूर...!

**वसई :** मुंबई से करीब 40 किलोमीटर दूर वसई विरार महानगरपालिका के तहत आने वाले निशान डोंगरी गांव की महिलाओं को रोजाना पैदल करीब 1 दूर रेलवे लाइन पार करके पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. साथ ही स्कूल पहुंचने के लिए छोटे-छोटे बच्चों को रेलवे ट्रैक का सहारा लेना पड़ता है. लेकिन सबसे खतरे की बात यह है कि जब यहां से ट्रेनें गुजरती हैं तो अक्सर यह ट्रेनें इस गांव के पास देर तक खड़ी हो जाती हैं. जिसकी वजह से इन स्कूली बच्चों को या गांव के लोगो को मजबूरी में ट्रेन के नीचे से जाना पड़ता है. जिसमें बेहद खतरा हो सकता है.

**ग्राम पंचायत में भी बढ़ता जा रहा है पानी का संकट**

कैलाश पाटिल कि वह इन गांव वालों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और वह यह लड़ाई जीतेंगे जरूर. आपको बता दें कि फिलहाल इस इलाके के ग्राम पंचायत में भी पानी का संकट बढ़ता जा रहा है जहां पानी के नल पहुंच चुके है फिर भी वहां गर्मी आते ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है.

इस इलाके में भारी तादाद में लोग



पानी के डिब्बों के साथ सड़कों पर नल के पास लाइन लगाए खडे रहते हैं और जब पानी आता है तो यहां पर हड़कंप मच जाता है. वहीं आपको बता दें कि यहां पर पानी सिर्फ दो-तीन दिन में एक ही बार आता है और अब गर्मियों में इन लोगों की मुसीबत लगातार बढ़ती जा रही है.

## 40 साल से लगा रहे हैं गुहार

गांव वालों के मुताबिक वह करीब 40 सालों से अपनी समस्या को लेकर शासन-प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं लेकिन आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है. वहीं अब उनका गांव वसई विरार महानगरपालिका के तहत भी आ चुका है लेकिन अभी भी गांव तक कोई सड़क और पानी की सुविधा नहीं पहुंची है. इस गांव के लोग आगरी समाज से आते हैं. वहीं जब इस इलाके में रहने वाले समाजसेवी कैलाश पाटिल से मुलाकात कर इस गंभीर समस्या की वजह जानने की कोशिश की गई तो वह शासन प्रशासन पर गुस्सा हो गया. उन्होंने स्थानीय नेताओं के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए वसई विरार महानगरपालिका और यहां सत्ता में बैठे सांसद और विधायक के प्रति गहरी असंतुष्टी जताई. उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित सांसद और विधायक इस इलाके को लूट रहे हैं और इन गांव वालो कि कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही.

# मुंबई में 115 रुपये के पार पहुंचा पेट्रोल

**मुंबई:** सरकारी तेल कंपनियों ने आज फिर आम आदमी को महंगाई का झटका देते हुए पेट्रोल-डीजल के दाम में इजाफा कर दिया है. पिछले 9 दिनों में आज 8वीं बार पेट्रोल-डीजल की कीमत में वृद्धि की गई है. महाराष्ट्र के मुंबई सहित तमाम शहरों में भी आज डीजल की कीमत 99.01 रुपये प्रति लीटर हो गई है. नागपुर में आज पेट्रोल के दाम 115.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल के रेट 98.33 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं. कोल्हापुर में पेट्रोल के दाम आज 116.91 रुपये प्रति लीटर और डीजल के रेट



ईंधन के रेट बढ़ गए हैं. चलिए जानते हैं इन शहरों में आज 1 लीटर पेट्रोल-डीजल कितना महंगा हो गया है.

देश के तमाम राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल की कीमत में आज फिर इजाफा हुआ है. मुंबई सिटी में आज पेट्रोल 84 पैसे की बढ़त के साथ 115.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85 पैसे की बढ़त के साथ 100.10 रुपये प्रति लीटर हो गया है. वहीं ग्रेटर मुंबई में भी आज कीमत बढ़ने के बाद पेट्रोल के दाम 116.06 रुपये प्रति लीटर और डीजल के रेट 100.27 रुपये प्रति लीटर हो गए है. पुणे में आज पेट्रोल के रेट 116.15 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 98.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है.वहीं नासिक में आज पेट्रोल के दाम 116.29 रुपये प्रति लीटर और 99.62 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं.

आप घर बैठे अपने मोबाइल फोन से सिर्फ एक रटर भेजकर अपने शहर के पेट्रोल-डीजल का भाव चेक कर सकते हैं. इसके लिए आपको सिर्फ अपने मोबाइल नंबर से 9224992249 नंबर पर रटर भेजना है, जिसके बाद उस दिन के लेटेस्ट रेट्स आपके पास मैसेज के रूप में आ जाएंगे. इस मैसेज को करने के लिए आपको RSP पेट्रोल पंप डीलर का कोड लिखकर 92249 92249 पर भेजना पड़ेगा. उदाहरण के लिए आपको मुंबई के फ्यूल के रेट जानने हैं तो आप RSP स्पेस 108412 (मुंबई का डीलर कोड) लिखकर 92249 92249 पर भेज दें. आपको तुरंत ही एसएमएस मिलेगा जिसमें वहां के पेट्रोल और डीजल के रेट लिखे होंगे.

# मनपा में शामिल नए गांवों के अवैध निमार्णों पर चलेगा हथौड़ा



**पुणे :** शहरीकरण की सुविधा की उम्मीद में पुणे मनपा में शामिल हुए नए गांवों को झटका लगा है। पुणे मनपा ने इन गांवों में बिना अनुमति बनाए गए निमार्णों को हटाने का निर्णय लिया है। हालांकि शहर में अनधिकृत निर्माण हटाने का अभियान शुरू किया गया है। शहर के कई हिस्सों से अतिक्रमण हटा दिया गया है। पुणे मनपा आयुक्त ने कहा कि जल्द ही मनपा में शामिल किए गए 34 नए गांवों के अतिक्रमण पर भी कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाएगा। इन गांवों को मनपा में शामिल किए जाने लेकर कई लोगों ने आनन-फानन में निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। मनपा प्रशासन केवल 31 दिसंबर 2020 से पहले किए गए निर्माण को ही अधिकृत करेगा। मनपा में शामिल गांवों में कई निर्माण अवैध रूप से बने हैं। जब इन अनधिकृत निमार्णों को अधिकृत करने का समय आया, तो शुल्क के नाम पर बिल्डरों के पसीने छूट गए। कई गांवों की सड़कों पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है। इन सभी अतिक्रमणों को मनपा द्वारा हटाया जाएगा।

# पुणे के गोदाम में लगी आग दमकलकर्मियों सहित चार लोग झुलस गए

**पुणे:**महाराष्ट्र के पुणे जिले के नाना पेठ इलाके में बृहस्पतिवार देर रात एक गोदाम में आग लगने से दो दमकलकर्मियों सहित चार लोग झुलस गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग पर देर रात करीब एक बजे काबू पाया गया और प्रशीतन की प्रक्रिया जारी है। दमकल विभाग के अनुसार, नाना पेठ में क्वार्टर गेट इलाके के पास स्थित लकड़ी के कुछ सामान, 'स्पेयर पार्ट्स' आदि के गोदाम में आग लग गई थी।

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''हमें रात 11 बजकर 35 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली और तुरंत आठ पानी के टैंकर तथा एम्बुलेंस



मौके पर भेजी गई। घटना में दो लोग झुलस गए, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'' उन्होंने बताया कि उन दोनों के अलावा दो दमकलकर्मी भी आग बुझाने के दौरान झुलस गए। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## कंगना रनौत ने बिना नाम लिए करण जौहर पर फिर साधा निशाना

कंगना रनौत इन दिनों अपने शो 'लॉकअप' को लेकर काफी चर्चा में है। दर्शकों के बीच इस शो को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं अब शो के हिट होते ही कंगना रनौत ने एक बार फिर बिना नाम लिए फिल्ममेकर करण जौहर पर निशाना साधा है। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर लिखा-'जैसे ही लॉकअप के 200 मिलियन व्यूज हुए... सारी चंगू-मंगू सेना/ क्रूएला की मीडिया/ साथ में उनके पापा जो छिप-छिपकर रोने वाले हैं।

# प्रॉपर्टी टैक्स से पुणे मनपा की रिकॉर्ड कमाई

**पुणे :** कोरोना काल में भी पुणे मनपा ने कमाई का कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 31 मार्च तक कर विभाग ने 1846 करोड़ का राजस्व भी जमा किया है। इस वर्ष के दौरान 8 लाख 68 हजार 671 कर धारकों से यह कर जमा किया गया है, जिसमें से 70 प्रतिशत ऑनलाइन, 17 प्रतिशत नकद और 13 प्रतिशत चेक के रूप में जमा किए गए हैं। इस साल करीब 71,000 नए कर लगाए गए हैं। जबकि 7300




बकायादारों की प्रॉपर्टी को सील कर दिया गया है। गौरतलब हो कि पीएमसी के कर विभाग ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया है। इसी कड़ी में तत्काल निर्माण की अनुमति देने के लिए ऑटो डीसीआर सिस्टम लागू किया गया है। कर संग्रह विभाग के विलास कनाडे ने कहा कि बकाया की वसूली, नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए सरलीकृत तंत्र और वसूली के लिए विशेष योजना सहित नए कर लगाने से रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है। साथ ही निगम के निर्माण विभाग को भी दोगुना राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष के दौरान निर्माण विभाग ने 600 से अधिक नए निमार्णों के साथ 2775 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

## महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना रोजगार व स्वयं रोजगार विभाग के रायगढ़ जिला संगठक पद पर श्री प्रणव कारखानीस नियुक्त



दत्ता माने

रायगढ़, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना रोजगार व स्वयं रोजगार विभाग के रायगढ़ जिला संगठक पद पर श्री महेंद्र भैसाणे द्वारा श्री प्रणव विठ्ठल कारखानीस को नियुक्त किया गया. श्री प्रणव कारखानीस उच्च शिक्षित व्यवसायिक होने के साथ ही एक कुशल संगठक भी हैं. शांत स्वभाव के साथ ही अपनी भूमिका को आक्रामक तरीके से रखकर समाज के पीड़ित वर्ग के लिए न्याय दिलाने हेतु हमेशा अग्रसर रहने वाले श्री प्रणव जी जीवन मंथन नामक एक एनजीओ भी सहजता से चला रहे हैं.महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख श्री राज ठाकरे की विचारधारा से प्रभावित होकर इस युवा ने राजनीति की शुरूआत की है. समाज के बेरोजगार युवा युवतियों को रोजगार दिलाने के लिए श्री प्रणव कारखानीस पहले से ही कार्यरत रहे हैं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने श्री प्रणव जी को रायगढ़ जिला संगठक पद पर नियुक्त कर इस पद को योग्य न्याय दिया है. महाराष्ट्र क्राइम्स परिवार की ओर से श्री प्रणव विठ्ठल कारखानीस को हार्दिक अभिनंदन.

## रक्षक ही हो गए.....

(पेज १ का शेष....)

इतना ही नहीं इस कासाड़ी नदी से कुछ महीनों से अवैध रूप से रेती उत्खनन भी हो रहा है. पूरे महाराष्ट्र राज्य में बालू उत्खनन बंदी होने के बावजूद दिन-रात खुलेआम यह गैरकानूनी काम कुछ समाज कंटक कर रहे हैं.

इसमें कुछ स्थानीय भूमि पुत्र जो अपने आपको गांव वाले कहलाते हैं और परप्रांतीय गुंडा प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं. यह जहरीले रसायन युक्त पानी से भरे टैंकर खाली करने वाले और अवैध रूप से बालू उत्खनन करने वाले बदमाश बेखौफ हैं. उनको कानून की कार्रवाई का कोई डर नहीं. यदि कोई व्यक्ति इनसे पूछे कि आप ऐसा क्यों कर रहे हो? तो उसे मारा-पीटा जाता है. यदि कोई शिकायत कलंबोली, खारघर पुलिस थाने में करें, तो उस शिकायत अर्जी को कचरे के डब्बे में फेंक दिया जाता है.

एक छोटा सा पान वाला यदि गुटखा बेचता है, तो पुलिस को तुरंत पता चलता है. नवी मुंबई के पुलिस बीट मार्शल दिन रात पूरे क्षेत्र में घूमते रहते हैं. क्या उनको इस बात का पता नहीं है? जी हां! हम पूरे दावे से कह सकते हैं कि इनको इस बात की पूरी जानकारी है, सीबीडी बेलापुर से पनवेल जाने वाले सायन -पनवेल महामार्ग पर कासाड़ी नदी के ऊपर (कोपरा पुल) पर खड़े होकर आपको अवैध रूप से बालू उत्खनन करने वाले और उत्खनन की गई बालू के ढेर स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं. क्या यह दृश्य पुलिस को दिखाई नहीं देता? वैसे ही आप सीधे पनवेल भी आते जाते कामोठे फ्लाईओवर के नीचे से बाएं ओर कलंबोली की ओर चलते हैं तो उसी कासाड़ी नदी से गंदी बदबू आती है. इस बदबू को यदि आप सुंघते-सुंघते नदी के तरफ देखते हैं, तो वहां पर जहरीला रसायन युक्त पानी नजर आएगा. यह रसायन युक्त पानी कैसे और कहां से आता है? यह जानने हेतु 'महाराष्ट्र क्राइम्स' के पत्रकारों ने इस पर दिन-रात नजर रखी तो इसका पोल खुल गया. यहां पर 1 से 2 दिन के अंतराल से देर रात जहरीला रसायन युक्त टैंकर खाली होता है. इसी तरह से इसी कासाड़ी नदी में कलंबोली पुलिस थाने की हद में अन्य जगह पर भी टैंकर खाली किया जाता है. जहां पर अवैध रूप से एक वाशिंग सेंटर चलाया जा रहा है और उसका भी गंदा पानी इसी कासाड़ी नदी में छोड़ा जा रहा है. पनवेल महानगर निगम की ओर से यहां पर कौन-कौन से जलचर एवं पक्षियों का निवास है, उनके नामों के बोर्ड लगाए गए हैं. लेकिन प्रश्न यह है कि ऐसे प्रदूषित हवा पानी में यह जीव यहां है भी या नहीं? अब जरा पनवेल तहसील कार्यालय की गैर जिम्मेदारी पर पहल करते हैं.

महाराष्ट्र क्राइम ने कासाड़ी नदी से अवैध रूप से होने वाली बालू उत्खनन के मामले की शिकायत 30-03-2022 को पनवेल तहसील कार्यालय को दी. लेकिन अभी तक इस पर रोक लगाने हेतु कोई भी कानूनी कार्रवाई पनवेल तहसील कार्यालय की ओर से नहीं हुई है. पिछले कुछ सालों में यहां पर मृत अवस्था में मछलियां नजर आई थी. हर बार महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी आकर मुआयना करके चले जाते हैं उसके बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है. ऐसा कितने दिन चलेगा? इसका जवाब तो सिर्फ महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पनवेल तहसील कार्यालय कलंबोली और खारघर पुलिस ही दे सकती है. इनके आशीर्वाद के बिना यह संभव नहीं है.

क्या यह अधिकारी यह भूल रहे हैं कि वह भी इसी मानव जाति का एक अंग है, उनके भी परिवार यहां रहते हैं. उनको भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है. उनके असामाजिक तत्वों को दिए अभय से और आशीर्वाद से अभी की और आने वाली पीढ़ी नष्ट होने के कगार पर है. क्या हम इनसे निष्पक्ष रुप से ऐसे गैरकानूनी, असामाजिक कामों पर कानूनी कार्रवाई की आशा कर सकते हैं? यह आने वाला समय बताएगा यदि इन अधिकारियों की सामाजिक कर्तव्यों की भावना जाग उठी तो, अन्यथा नहीं.

## मुंबई पुलिस की लापरवाही !

### पुलिस हिरासत से महिला पीडित भागी या भगाई गई ?

दत्ता माने



**मुंबई,** स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस के बाद मुंबई पुलिस का नाम पूरी दुनिया में दूसरे नंबर पर आता है. इसी मुंबई पुलिस के भरोसे आम मुंबईकर रात को चैन की नींद सोते थे. कितना भी शातिर, खतरनाक, खूंखार आरोपी हो एक सुई जैसी सुराग के बलबूतों पर मुंबई पुलिस ढूंढ ही लेती है और उसे सलाखों के पीछे कैद कर देती है. मुंबई में हुआ बम ब्लास्ट हो या 26/11 जैसी घटना, मुंबई पुलिस ने एक इतिहास रचा है. मुंबई पुलिस सिर्फ मुंबई की ही नहीं पूरे देश की शान मानी जाती है. लेकिन कुछ वर्षों से इस शान पर दाग लग गया है. मुंबई के कमिश्नर रह चुके परमवीर सिंह को भी जमानत लेनी पड़ी है. साथ ही साथ कई आईपीएस अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं. मुंबई महानगर में बढ़ते गैरकानूनी धंधों को देखकर मुंबई पुलिस के कार्य पद्धति पर अनेक प्रश्न उठ रहे हैं. ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिससे मुंबई पुलिस के विश्वास को उनके कार्य प्रणाली पर और अनुशासन पर प्रश्न उठ रहा है. हाल ही में दिनांक 23-03-2022 को कांदिवली पुलिस थाने के पुलिस इंस्पेक्टर श्रीमती अनीता कदम की अगुवाई में 'डी 2 यूको स्पा', पता - 306 ए, तीसरी मंजिल, संजार एनक्लेव, स्वामी विवेकानंद रोड, मिलाप पीवीआर सिनेमा के सामने, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई. यहां पर छापा मारकर डी 2 यूको स्पा के मैनेजर सोहेल सलीम धनानी (उम्र 25 वर्ष) और मुस्कान प्रेम कुमार सैनी को पकड़ा. पीड़ित महिला मुस्कान प्रेम कुमार सैनी को पुलिस ने महिला सुधार गृह में भेजा. मैनेजर सोहेल सलीम धनानी और स्पा मालकिन श्रीमती दीपिका रमेश टाक उनके व्यापारिक भागीदार श्री फतेद केखिलाफ 370 (2), 34 भारतीय दंड विधान की धारा 4,5 अनैतिक व्यापार प्रतिबंध कानून 8(क) 20, 22 (ए) एन. डी.पी. एस. कानून के तहत शिकायत मामला दर्ज किया.पीडित महिला मुस्कान को सुधार गृह से चिकित्सा जांच के लिए पुलिस सरकारी अस्पताल ले गई.

अस्पताल से सुधार गृह में वापस ले जाने के दौरान पीड़ित महिला मुस्कान प्रेम कुमार सैनी अचानक भाग गई. पुलिस इस पीड़ित महिला को ढूंढ रही है, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि पुलिस ने इतनी लापरवाही क्यों की? क्या पुलिस ने लालच में आकर उसे जानबूझकर भागने का मौका दिया या पुलिस ने खुद ही उसे भगाया और अभी उसे ढूंढने का ढोंग कर रही है. कुछ भी हो सकता है, क्योंकि जिस तरह से मुंबई शहर में खासतौर पर पश्चिमी उपनगरों में स्पा मसाज पार्लर के नाम पर देह व्यापार का धंधा जोर शोर से चल रहा है, बिना पुलिस के आशीर्वाद और साठगांठ (लेनदेन) के असंभव है. पीड़ित महिला भागी, भगाई या भागने का मौका दिया. सच्चाई तो यह है कि पीड़ित महिला मुस्कान गायब है. यह पुलिस के अनुशासन पर लगा काला दाग है. पुलिस इस मामले को छुपा रही है, जिस समय पीड़ित महिला वहां से भागी. उस समय जो पुलिस अधिकारी कर्मचारी उसके साथ थे उनको तुरंत निष्कासित कर इस मामले की जांच करने का हम मुंबई पुलिस कमिश्नर श्री संजय पांडे साहब से अनुरोध करते हैं. पीड़िता ने स्पा मैनेजर स्पा की मालकिन और भागीदार के खिलाफ लिखित बयान दिया है. हो सकता है सबूत मिटाने हेतु उसे भगाया गया हो और उसकी जान को भी इससे खतरा हो. मामले की गंभीरता को देखते हुए उन पुलिस अधिकारी कर्मचारियों पर लापरवाही हेतु सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई हो और फरार पीड़ित महिला को तलाश कर उसकी जान को बचाना पुलिस का कर्तव्य है. नहीं तो मुंबई पुलिस की इज्जत मिट्टी में मिल जाएगी.

## बिना नोटिस कर्मचारियों को कंपनी ने..........

(पेज १ का शेष....)

इसकी खबर शिवसेना पार्टी का समाचार पत्र 'सामना' में दिनांक 18-03-15 को ''15 वर्षाच्या लढयानंतर कामगारांना न्याय, कामगारांना कामावर घेण्याचे पेट्रोलियम आणि अवजड उद्योग मंत्री यांचे आदेश'' इस शीर्षक से प्रकाशित हुई. इस मीटिंग के बाद कंपनी प्रशासन और कर्मचारियों के बीच तीन चार मीटिंग हुई. आखरी मीटिंग में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री.ए.रत्नशेखर ने मंत्री महोदय के आदेश की कॉपी दिखाने के लिए कहा. आदेश की कॉपी प्राप्त करने हेतु कर्मचारियों ने पेट्रोलियम मंत्री के कार्यालय में पत्राचार किया, लेकिन ऐसी कोई आदेश की जानकारी नहीं दी गई. बामर लॉरी एंड कंपनी की ओर से भी ऐसी कोई मीटिंग हुई नहीं, ऐसा कहा.

कर्मचारियों के नाम मात्र समाधान के लिए और सरकार ने कितना अच्छा काम किया है इसका सिर्फ दिखावा करने के लिए सामना समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की गई. दरअसल ऐसा कोई लिखित आदेश सरकार ने दिया ही नहीं. कर्मचारियों की दिशाभूल करके उनको फसाया गया है. और उनके भावनाओं और जिंदगी के साथ बामर लॉरी एंड कंपनी खिलवाड़ कर रही है. उस समय के कंपनी के पर्सनल मैनेजर श्री रायमाने में इन 24 कर्मचारियों को -''हमने कैसे तुम लोगों को रास्ते पर लाया, हमारे साथ पंगा लेते हो क्या? हम कुछ भी कर सकते हैं.'' इस प्रकार धमकी सामने मिल कर दी है. इन 24 कर्मचारियों को कंपनी से निष्कासित करने के बाद सैकड़ों कर्मचारियों की भर्ती की, इसके सबूत हमारे पास हैं. जो हुआ वह हुआ लेकिन अभी तो यह बदमाशी ना करके कंपनी इन कर्मचारियों को काम पर रख लें और जो कर्मचारी उम्र के 58 वर्ष पार किए हैं, उनको पूरा हिसाब दें. तो शायद उनका पाप धुल जाए. बामर लॉरी एंड कंपनी यह सरकारी कंपनी है, लेकिन एम. डी. श्री.ए.रत्नशेखर इसको अपनी प्राइवेट प्रॉपर्टी समझ रहे हैं.

वह ना तो किसी का आदेश मानते हैं और ना ही न्यायालय का आदेश. मुंबई उच्च न्यायालय में जल्द ही इसका निर्णय होगा. उच्च न्यायालय की फटकार मिलने से बेहतर, कंपनी कर्मचारियों को न्याय दे, नहीं तो भगवान के घर देर है अंधेर नहीं.

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक,मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स,४९६,पंचशील नगर-१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं-३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई-४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू),मुंबई-४०००८३ से प्रकाशित किया ।

संपादक- सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७